7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

राजधानी •
वर्ष 15 | अंक 335 | पृष्ठ : 20
मूल्य : तीन रुपये

अमर उजाला

नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 15 मार्च 2018



# परी चौक से जेवर तक नॉन स्टॉप दौड़ेगी मेट्रो

**बसावट बढ़ने पर कुछ स्टेशनों पर बनाए जाएंगे स्टापेज**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए परी चौक से जेवर तक प्रस्तावित मेट्रो नॉन स्टॉप दौड़ेगी। बाद में जब कुछ सेक्टर बस जाएंगे तो इसके स्टॉपेज बढ़ाए जाएंगे। दरअसल, एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को लेकर तमाम विकल्प तलाशे जा रहे हैं। इसका सर्वे करने के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया भी चल रही है। नोएडा से ग्रेटर नोएडा मेट्रो परी चौक से होकर गुजर रही है। परी चौक से एयरपोर्ट तक मेट्रो चलाने का प्लान बन रहा है। इसकी टेक्निकल फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। नोएडा व दिल्ली से एयरपोर्ट तक जाने वाले यात्रियों को ज्यादा वक्त न लगे, इसे देखते हुए विचार हो रहा है कि परी चौक से जेवर तक नॉन स्टॉप मेट्रो चलाई जाए। बाद में एक-दो स्टॉपेज बनाए जाएंगे, लेकिन नोएडा-ग्रेनो मेट्रो रूट की तरह हर किलोमीटर पर स्टॉपेज नहीं होगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह भी मानते हैं कि एयरपोर्ट के यात्रियों को तभी सुविधा होगी, जब नॉन स्टॉप कनेक्टिविटी दी जाएगी। विचार है कि फिलहाल नॉन स्टॉप मेट्रो चलाई जाए। बाद में बसावट अधिक होने पर कुछ स्टॉपेज बनाए जाएंगे। ब्यूरो